## पॉवर हाउस की ट्रॉली में फाल्ट बिजली सप्लाई ठप

**तिलहर, अमृत विचार:** पावर हाउस की इनकमिंग ट्राली में फाल्ट होने से नगर की बिजली सप्लाई ठप हो गई। भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई बंद होने से बिजली उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

शनिवार तड़के लगभग तीन बजे पावर हाउस में तेज धमाके के साथ इनकमिंग ट्राली में फाल्ट हो गया और आग लग गई। इसके बाद पूरे नगर की बिजली सप्लाई ठप हो गई। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण बिजली उपभोक्ताओं का बुरा हाल हो गया। घरों में लगे इनवर्टर डाउन हो गए और पीने के पानी की समस्या बन गई।

सुबह 10 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं आने पर नाराज उपभोक्ता पावर हाउस पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों से नाराजगी जताई। दोपहर 12 बजे बिजली सप्लाई सुचारु हुई जिसके बाद ही उपभोक्ताओं ने राहत ने राहत की सांस ली। इसके बाद 2:30 बजे फिर रोस्टिंग के नाम पर बिजली सप्लाई काट दी गई जो फिर 4 बजे आई। फिलहाल शनिवार को बिजली सप्लाई नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ी।

# भैंसी नदी में गिर रहे फैक्ट्री के पानी पर लगाई रोक

## एडीएम वित्त ने दी सुखवीर एग्रो प्रबंधन को नाला नदी में न गिराने की चेतावनी

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** भैंसी नदी की खुदाई के दौरान गंदे नाले के नदी में गिरने की शिकायत पर एडीएम ने सुखबीर एग्रो पहुंचकर निरीक्षण कर नाले वहां से निकले पानी पर नदी पर गिरने से रोक लगा दी। साथ ही फैक्ट्री प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी कि अगर दोबारा भैंसी में नाला गिराया गया तो प्रदूषण नियंत्रण के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार पुवायां पहुंचे। जहां उन्होंने सुखबीर एग्रो एनर्जी पहुंचकर निरीक्षण किया। खुदाई के दौरान लगातार सुखबीर के गंदे नाले से पानी भैंसी नदी क्षेत्र में गिराए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तत्काल नाले पर रोक लगाई। साथ ही दोबारा नाले का गंदा पानी भैंसी नदी में न गिराए जाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा ऐसा पाया जाता है तो मिल प्रबंधन के खिलाफ प्रदूषण मानकों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भैंसी खुदाई के तीसरे दिन एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार बण्डा क्षेत्र के कमालपुर पहुंचे। जहां नदी को पुनर्जीवित करने के लिए उन्होंने श्रमदान कर सभी को प्रेरित किया।


फावड़े से भैंसी नदी की खुदाई में श्रमदान करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार। ● अमृत विचार

● **नदी की खुदाई के दौरान लगातार मिल रही थी शिकायतें**

इस दौरान वह स्वयं फावड़ा लेकर नदी क्षेत्र में उतर पड़े और लगातार मिट्टी खोदकर क्षेत्र का समतलीकरण कराया। उन्हें देखकर लोकभारती संस्था के कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोग भी काम मे जुट गए और श्रमदान करने का सिलसिला चल गया। इस दौरान उन्होंने रामदेवरी आश्रम पर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को नदियों से जुड़ना चाहिए। नदियों के किनारों पर वृक्षारोपण कर सेल्फी लें और अन्य लोगों की प्रेरणा बनें। बीडीओ बंडा, नायब तहसीलदार पुवायां और लेखपाल रहे। लोक भारती से राजीव सिंह सुधीर सिंह, राजदीप सिंह ग्रेवाल, रिंकू सिंह, स्रजल शुक्ला, राजीव सिंह, विपिन शुक्ला, केके गुप्ता, संजय त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, उदयराज सिंह, पंकज मिश्रा, जसपाल सिंह, सरोज तिवारी व रामदेवरी और कमालपुर के ग्रामीण साथ रहे।


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार वालों से मिलते एडीएम वित्त। ● अमृत विचार

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के घर पहुंचे एडीएम

इसके बाद उन्होंने बंडा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के घर पहुंचकर परिवार से मिलकर उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को ढांढस बंधाया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित शिव कृष्ण मुरारी मिश्रा की पत्नी रामवती का 11 जून को स्वर्गवास हो गया था। शिव कृष्ण मुरारी मिश्र अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का हिस्सा रहे और आंदोलन करते समय उन्हें तीन माह का कारावास भी झेलना पड़ा था। इसके अलावा उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए जेल की यात्रा भी की थी। उनके घर पहुंचकर वह पुत्र नवीन मिश्र, विनय मिश्र, सुधीर मिश्र और पुत्री कमलेश कुमारी तथा प्रतिभा से मुलाकात की और शोक व्यक्त किया।

> भैंसी नदी पुनर्जीवित करने को लेकर खुदाई कार्य चल रहा है। मैंने स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान कर लोगों से जनसहयोग की अपील की है। साथ ही सुखवीर एग्रो फैक्ट्री का निरीक्षण कर उसके द्वारा नदी में छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोक लगवाई है और निर्देश दिया है कि अगर गंदा पानी फैक्ट्री से नदी में जाएगा तो प्रदूषण अधिनियम मानकों के दृष्टिगत कठोर कार्यवाही की जाएगी। **-अरविंद कुमार**, एडीएम वित्त।

## मानक की अनदेखी कर बनाई जा रही डामर रोड


निर्माणाधीन रोड की जांच करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** विधायक चेतराम की शिकायत पर शनिवार को पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम ने मौके पर जांच की और निर्माण सामग्री का सेंपल लिया और ठेकेदार को मानक अनुसार रोड बनाने के निर्देश दिए।

खुटार बंडा रोड सीमा राइस मिल से सिल्हुआ गांव तक बनाई जा रही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डामर रोड पर कम पत्थर डालने व मिलावटी मौरंग को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक चेतराम व उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर डामर रोड मानक विहीन ठेकेदार द्वारा बनाने को लेकर शिकायत की थी। जिस पर विधायक चेतराम द्वारा उच्चाधिकारियों से वार्ता कर बन रही डामर रोड की जांच करने व मानक अनुसार रोड का निर्माण करने के निर्देश दिए। जिस पर शनिवार दोपहर के समय पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार राठौर व जेई केके वर्मा सिल्हुआ गांव पहुंचे और बन रही डामर रोड की गहनता से जांच पड़ताल की। जहां पर उन्होंने पत्थर, मौरंग, गिट्टी, की गहराई फीते से माप की। सहायक अभियंता ने ठेकेदार को निर्देश दिए की रोड मानक विहीन नहीं चाहिए।

पीडब्ल्यूडी के जेई केके वर्मा ने बताया कि शिकायत पर वह सहायक अभियंता के साथ गांव पहुंचे थे और बन रही डामर रोड की जांच की और ठेकेदार को मानक अनुसार रोड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर ग्रामीण रामशंकर मिश्रा, रवि शंकर मिश्रा, अनूप कुमार, प्रवेश मिश्रा, अरुण कुमार, राम प्रेम मिश्र आदि रहे।






## गर्मी का बढ़ रहा सितम बिजली कर रही ट्रिपिंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **एक घंटे में चार बार बिजली की हो रही कटौती**
● **गर्मी की वजह से पसीना से तरबतर हो रहे लोग, नहीं मिल रहा सुकून**

**अमृत विचार:** गर्मी का प्रकोप जैसे-जैसे बढ़ रहा है वैसे ही बिजली की ट्रिपिंग और कटौती बढ़ती जा रही है। शनिवार को सुबह से ही बिजली ट्रिपिंग होनी शुरू हो गई। हालत यह थी कि एक घंटे के अंदर तीन से चार बार बिजली कट हो जा रही थी। हर 10 से पांच मिनट में ट्रिपिंग हो रही है। इससे लोग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती का आलम तो और भी खराब है, करीब तीन से चार घंटे प्रतिदिन कटौती हो रही है और लोग भीषण गर्मी में बेहाल हो रहे हैं।

शनिवार सुबह मौसम शुष्क बना था, उत्तर से दक्षिण की ओर हवा चल रही थी लेकिन उमस बनी थी, कंक्रीट के मकानों में और अधिक गर्मी बनी थी। पंखा, कूलर चलाने के बाद भी शरीर पसीना से तरबतर रहा। सुबह 8:30 बजे मोहल्ला चौक, बक्सरिया, कच्चा कटरा, अब्दुल्लागंज, सदर, बहादुरगंज, तारीन टिकली, खिरनीबाग क्षेत्र में बिजली की ट्रिपिंग शुरू हो गई। इसके बाद पूरे दिन अलग-अलग मोहल्लों में अलग-अलग समय पर बिजली ट्रिपिंग होती रही। हालत यह थी कि एक घंटे के अंदर करीब तीन से चार बार बिजली ने ट्रिपिंग की, कभी पांच मिनट के लिए तो कभी दस मिनट के लिए। बिजली की इस ट्रिपिंग की वजह से सबसे अधिक परेशानी उन उपभोक्ताओं को हो रही थी, जिनके यहा इंवर्टर नहीं था। उन्हें गर्मी से निजात पाने के लिए घरों के बाहर निकलकर दरवाजे के बाहर गली में बैठना पड़ रहा था, कभी-कभी कभार हवा झोंका सुकून दे जाता लेकिन घरों के अंदर बिजली आने के बाद भी सुकून नहीं मिल पा रहा था। सबसे अधिक दिक्कत ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को हो रही है।

शनिवार शाम करीब पांच बजे खिरनीबाग, कटियाटोला, सदर बाजार क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पुवायां, जलालाबाद, बंडा, खुटार, तिलहर, कलान, खुदागंज, कटरा आदि क्षेत्रों में तीन से चार घंटे की कटौती हो रही है। रात में आठ से नौ बजे के बीच आधा से एक घंटे के बीच कटौती होना आम बात है। दिन में 2:30 से 4:30 बजे बिजली कटौती परेशान करती है क्योंकि इस वक्त तेज धूप की वजह से गर्मी अपने चरम पर होती है, तभी अचानक बिजली गुल हो जाती है। दिन में कटौती को तो जैसे-तैसे बर्दाश्त कर ले जा रहे हैं लेकिन परेशानी रात में बढ़ जाती है, जब रात कभी 11 बजे तो कभी 12 बजे बिजली कट हो जाती है, उस वक्त जरा सी देर में पसीना से लोग तरबतर हो जाते हैं। एक तो भीषण गर्मी और उस पर बिजली कटौती, इसके बाद मच्छरों का प्रकोप दिन में खलल डालने के लिए काफी है।

### आंधी में बिगड़ी बिजली व्यवस्था तीन दिन भी नहीं सुधर पाई

भीषण गर्मी और उमस के मौसम में 12 जून को देर शाम आई आंधी में कलान-मिर्जापुर उपकेंद्र से सम्बन्धित क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई थी, आंधी में 33 केवी मिर्जापुर फीडर पर लगभग 22 जगहों पर विद्युत फॉल्ट आए, जिनमें खंभे, इंसुलेटर, तार व अन्य विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा 11 केवी लाइन में लगभग 23 जगहों पर विद्युत फॉल्ट आए थे। बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली कर्मचारी फाल्ट सहीं करने के साथ ही खंभों और लाइनों को दुरूस्त करने में लगे हुए हैं। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कलान और मिर्जापुर में आंशिक रूप से बिजली सप्लाई शुरू हो गई लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है, इससे लोग गर्मी में परेशान हो रहे हैं।

> कलान और मिर्जापुर में आंशिक रूप से बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई है, उम्मीद है कि शनिवार देर शाम तक अधिकांश क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी। कर्मचारी लाइनों को दुरूस्त करने में लगे हुए हैं। **-गौरव शर्मा,** एसडीओ, विद्युत उपकेंद्र, कलान

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# पार्क में नलकूप के निर्माण पर महिलाओं ने धूप में दिया धरना

## सिटी पार्क में बच्चों के पार्क में निगम कर रहा भवन निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महिलाओं ने कहा बच्चों के खेलने का एक मात्र स्थान
- पार्क छिनने से बच्चों के खेलने को नहीं बचेगी जगह

**अमृत विचार:** महानगर के वार्ड संख्या तीन स्थित सिटी पार्क कॉलोनी में शनिवार की दोपहर कॉलोनी की महिलाओं ने तपती धूप के बीच पार्क में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने नगर निगम की ओर से पार्क की जमीन पर मोटर टैंक और ट्यूबवेल भवन निर्माण का विरोध करते हुए कहा कि यह स्थान उनके बच्चों के खेलने का एकमात्र मैदान है, जिसे किसी भी हालत में नहीं छीना जाना चाहिए। कालोनी के बच्चे यहां खेलते हैं। इसके अलावा युवा और बुजुर्ग यहां टहलते हैं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर वह पहले नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा से भी मिल चुकी हैं और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग कर चुकी हैं। शिकायत के बाद एक दिन के लिए काम रोका भी गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद फिर से निर्माण कार्य शुरू हो गया। इसी के विरोध में कॉलोनी की महिलाओं को दोबारा धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा।



नगर में सिटी पार्क कालोनी में ट्यूबवेल निर्माण के विरोध में महिलाओं ने धूप में बैठकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

> यह प्रोजेक्ट 20 करोड़ 18 लाख रुपए का है। इससे लोदीपुर वासियों को 24 घंटे जलापूर्ति की जाएगी। इसको लेकर वहां के लोगों से पूर्व में नगर आयुक्त की ओर से वार्ता की जा चुकी है, जहां पर ट्यूबवेल निर्माण कराया जा रहा है उसके पीछे ही पानी की टंकी बन रही है, इससे सभी को भविष्य में लाभ मिलेगा। ऐसा कोई विरोध वाला मामला नहीं है। नगर निगम की ओर से जनहित के लिए कार्य कराया जा रहा है।
>
> – एसके सिंह, नगर आयुक्त

महिलाओं ने नगर निगम से इस निर्माण कार्य को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह हमारे बच्चों के खेलने के लिए पार्क है, इससे बच्चों को खेलने का मैदान छीन जाएगा। शहर में वैसे ही खेलने की जगह आसानी से उपलब्ध नहीं है। छोटे बच्चे स्टेडियम वगैरह नहीं जा सकते। ऐसे में उनके पास खेलने के लिए पार्क ही एक मात्र सहारा है। वह भी उनसे छीनने की दिशा में कार्य चल रहा है। ऐसा किसी हाल में नहीं होना चाहिए। विकास के नाम पर बच्चों से उनका बचपन नहीं छीना जाना चाहिए। प्रदर्शन में कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## पत्नी से विवाद होने पर युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** थाना कांट क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर के नहर कोठी पास युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक मजदूरी करके अपना परिवार का लालन-पालन करता था। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था, इसलिए आए दिन पत्नी से झगड़ा होता रहता था।

गांव विक्रमपुर निवासी दिनेश (40) भांजे को देखने शनिवार सुबह बरेली मोड़ स्थित एक अस्पताल में गया था। पिता ओमप्रकाश ने बताया कि वापस आकर उसने शराब पी और घर पहुंचा। पति को शराब पिए देख पत्नी सोनम नाराज हो गई। इसी बात को लेकर आपस में विवाद बढ़ गया। इसके बाद दिनेश ने दोपहर करीब एक बजे कमरे में छत के कुंडे में फांसी लगा ली। पिता ओमप्रकाश ने पुलिस को सूचना दी, प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण शव को ले जाने के लिए अपने पास से वाहन की व्यवस्था की। मृतक अपने पीछे पत्नी सोनम एवं तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने की 30 जून तक अवकाश की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भीषण गर्मी में शिक्षकों को स्कूल बुलाना अव्यावहारिक
- गर्मी-लू के बीच शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर असंतोष

**अमृत विचार:** प्रचंड गर्मी और लू के कहर के बीच शिक्षकों को विद्यालय बुलाए जाने को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को हुई प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में 30 जून तक पूर्ण अवकाश की मांग की गई है।

संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहा कि भीषण गर्मी और हीट वेव के दौरान जब विद्यालयों में छात्रों के लिए अवकाश घोषित है, तो केवल शिक्षकों को विद्यालय बुलाना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी अनुचित है। मंत्री देवेश वाजपेयी ने बताया कि अधिकांश शिक्षक प्रतिदिन 60 से 70 किलोमीटर की यात्रा कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों तक पहुंचते हैं। ऐसे में जब दिन का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच रहा है और विद्यालयों में कोई विशेष कार्य नहीं है, तब शिक्षकों को 16 जून से विद्यालय बुलाना केवल औपचारिकता मात्र प्रतीत होता है।

राजकुमार तिवारी ने कहा कि जब विद्यालयों में छात्र नहीं हैं और अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हो रहे हैं, तो शिक्षकों को जानलेवा गर्मी में विद्यालय बुलाना गैरजरूरी और अन्यायपूर्ण है। बैठक में मांग की गई कि शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक के लिए भी 30 जून तक अवकाश किया जाए, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का संरक्षण किया जा सके। बैठक में यशपाल सिंह, रविन्द्र पाल प्रजापति, नवेन्दु मिश्रा, अश्विनी अवस्थी, अरविंद त्रिपाठी, राकेश रोशन सहित कई शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना सूचना के गैरहाजिर रहे सीएमओ का जवाब तलब

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने सभी विकास कार्यों की डैशबोर्ड पर रैंकिंग की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ एवं सहायक श्रमायुक्त की बिना पूर्व सूचना अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने बीडीओ से कहा कि 30 जून तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जिन ब्लॉकों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम हुई है, वहां आवास आवेदनों का निस्तारण 20 जून तक अनिवार्य रूप से किया जाए।

# वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रक्तदाता दिवस पर वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के ब्लड बैंक विभाग द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और युवाओं को इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रक्तदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न किया गया। बड़ी संख्या में मेडिकल छात्रों, फैकल्टी सदस्यों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजन में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें ब्लड बैंक



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

- मेडिकल छात्रों, फैकल्टी सदस्यों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक किया रक्तदान

प्रभारी ने रक्तदान की आवश्यकता, इसके लाभ और सुरक्षित रक्तदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन अलग-अलग जीवनों को बचा सकता है, और यह समाज सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के कुलपति एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं। उन्होंने सभी छात्रों और युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। इस शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के उप प्रधानाचार्य डॉ. संथाना कृष्णन, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान, विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, चिकित्सक, स्टाफ, छात्र-छात्राएं, आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अहमदाबाद विमान हादसे में हुई मौत पर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एंड रोहिलखंड हॉस्पिटल, शाहजहांपुर में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में सैकड़ों यात्रियों व एमबीबीएस छात्रों की मौत पर श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकला गया, दो मिनट का मौन रखा गया। कैंडल मार्च की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अमित वशिष्ठ ने बताया कि जो लोग मारे गए हैं उनकी मदद के लिए, उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी को आगे आना चाहिए। वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के सभी छात्रों का इसमें विशेष योगदान रहा।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

## पुलिया से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी घायल

**निगोही, अमृत विचार:** पुवायां रोड पर पुलिया के पास शनिवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल है। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। मानपुर बंडा निवासी राजवीर (55) गांव के ही ओमपाल (30) के साथ शनिवार को पुवायां गए थे, दोपहर लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिससे बाइक सवार राजवीर की कुछ ही देर में मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने की विकास कार्यों पर चर्चा



**रौसरकोठी, अमृत विचार:** सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल, विकसित भारत संकल्प सभा में मुख्य अतिथि विधायक अरविन्द सिंह ने सरकार के विकास कार्यों एवं योजनाओं पर चर्चा की। ग्राम पंचायत कनेंग में हुए इस कार्यक्रम के अवसर पर गन्ना चेयरमैन त्रिवेंद्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक संजीव कुमार सिंह, सर्वेश मिश्रा, राहुल वर्मा, दीपक मिश्रा, राजकुमार यादव, मनोज वर्मा, आदर्श तिवारी, सुनील वर्मा, पुनीत पाण्डेय अरुण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### आज मदनापुर हवाई पट्टी से योग सप्ताह का शुभारंभ



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मदनापुर ब्लाक स्थित गंगा एक्सप्रेस वे हवाई पट्टी से आज रविवार को सुबह 6 बजे से अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। योग कार्यक्रम में लगभग 500 स्कूली बच्चों, एनसीसी, स्काउट गाइड बच्चों को हवाई पट्टी पर योगाभ्यास के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही कलेक्ट्रेट, विकास भवन व ब्लाक मुख्यालय से भी कार्मिकों, कर्मचारियों को योग कार्यक्रम में पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट से सुबह 5 बजे ई-बसें उपलब्ध रहेगी। जोकि लोगों को हवाई पट्टी तक ले जाएगी। जानकारी देते हुए सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने बताया कि योग सप्ताह 15 जून से शुरू हो रहा है, इसकी शुरुआत मदनापुर हवाई पट्टी से की जा रही है। वहां से योगा दिवस का संदेश दिया जाएगा, 6 ई बसों से बच्चों व दो बसों से मीडियाकर्मियों, कार्मिकों को ले जाया जाएगा। इसको लेकर सारी तैयारियां कर ली गई है। योग से जनपदवासियों को जोड़ते हुए एक अच्छा संदेश दिया जाएगा। भागदौड़ वाली दिनचर्या में योग का विशेष स्थान है। इसके लिए हर व्यक्ति को समय निकलना चाहिए।

### भाकिमयू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**तिलहर, अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में 10 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को संबोधित तहसीलदार जयप्रकाश यादव को सौंपा गया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि 4 जून को दिए गए ज्ञापन में समस्याओं का समाधान 14 जून तक किए जाने का आश्वासन दिया गया था। वहीं किसी भी समस्या का समाधान न होने पर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ किसान सहकारी चीनी मिल ग्राउंड में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

### पुलिस कर्मी की बेटी ने पाया मुकाम



**परौर, अमृत विचार:** बदायूं जनपद के गांव नौशेरा की रहने वाली अंबिका यादव पुत्री आर्येंद्र सिंह यादव ने इंटर की परीक्षा पास कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी बदायूं अवनीश कुमार राय, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंबिका यादव को एक मोबाइल टेबलेट और 21000 रुपए व दो मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अंबिका यादव ने बेहतर रिजल्ट का श्रेय अपनी मेहनत व गुरुजनों व माता गुड्डी देवी पिता आर्येंद्र सिंह को दिया है। इस समय इनके पिता आर्येंद्र सिंह यादव पुलिस में थाना परौर तैनात हैं।

बागवानी | नगर समेत कई शहरों में दशेहरी आम की फसल दे रहा लखपेड़ा बाग

# गंगा दशहरा से पककर तैयार होता है दशहरी

सवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** राजपरिवार के लगाए गए आम के बाग से पुवायां समेत आसपास के कई शहरों को आम की बेहतर किस्मों की फसल मिल रही है। लगभग 50 एकड़ के इस बाग में लीची के पौधों के साथ मुख्य रूप से दशहरी समेत आम की लगभग एक दर्जन किस्में हैं जो लोगों की जुबान पर अपनी मिठास छोड़ रहे हैं।

वर्ष 1928 में जन्में पुवायां राजपरिवार के नौवें राजा अजय वर्मा सिंह ने लगभग 125 एकड़ भूमि पर लखपेड़ा बाग लगाया था, जिसमें उस समय अलग अलग तरह के एक लाख पेड़ थे। जिस कारण इसे लखपेड़ाबाग कहा जाने लगा। 1971 में आए सीलिंग एक्ट के दौरान लगभग 30 से 32 एकड़ भूमि सरकार के खाते में चली गई थी। इसके अलावा इसका एक बड़ा हिस्सा बिक्री कर दिया गया। वर्तमान में इसका क्षेत्रफल महज 50 एकड़ के आसपास रह गया है। इसमें लीची के अलावा आम की लगभग 1 दर्जन किस्में हैं। जिसमें मुख्य रूप से दशहरी आम है, जो बेहद स्वादिष्ट होता है साथ ही इसकी उपज अच्छी होती है।

**ये हैं आम की किस्में**

लखपेड़ाबाग में आम की किस्मों की यदि बात की जाए तो इसमें मुख्य रूप से दशेहरी आम के लगभग 250 पेड़ हैं, इसके अलावा चौसा, लंगड़ा, बम्बई, सफेदा, बादशाह पसंद, बेगम पसंद, नैयाब, मक्खन, नीलम सुरैया समेत लगभग एक दर्जन प्रजातियां हैं।

मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरा के साथ ही आम की फसल टपकना शुरू करती है और मुख्य रूप से तभी दशेहरी आम बाजार में आना शुरू हो जाता है। बाग में दशेहरी आम के लगभग 250 वृक्ष हैं जो सैकड़ों कुंतल फसल क्षेत्र के दे रहे हैं।

तमाम किस्मों की यदि बात की जाए तो सभी किस्मों को मिलाकर लगभग 2000 कुंतल से अधिक आम की फसल सीजन में तैयार होती है जो पुवायां के साथ साथ बिलसंडा, शाहजहांपुर, खुटार, बंडा समेत कई शहरों में अपनी मिठास फैलाती है।

बाग के ठेकेदार राजेश कुमार ने बताया कि कई वर्षों से राजपरिवार के द्वारा इसका ठेका उन्हें दिया जाता है। पिछले वर्ष आंधियों के कारण काफी नुकसान हुआ था, इस वर्ष दवा स्प्रे, सिंचाई और देखरेख कर फसल को बचाया गया है। बाग से वह आय के साथ साथ नाम भी कमा रहे हैं। हालांकि अक्सर आंधियों के कारण नुकसान भी होता है लेकिन वह संतुष्ट रहते हैं।

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


## बाइक हटाने को कहने पर पीटा, एफआईआर दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार** : थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोडी निवासी शबाना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके जेठ-जेठानी, देवर झगड़ालू हैं। तीन जून को जेठ ने रास्ते में अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। बाइक हटाने को कहने पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि जेठ-जेठानी गुस्सा गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शबाना जैसे-तैसे अपने घर में जाकर घुस गईं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने नसरुद्दीन, हसमुद्दीन, गुलबसा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)

बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ

ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



- मस्से होना
- सूजन होना
- जलन होना
- उठाने-बैठने में तकलीफ होना
- खूनी बवासीर होना

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक रविवार 10:30 से 2:30 तक

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174


# विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे उत्सव पंचायत घर, खर्च होंगे 1.41 करोड़

## तीन हजार वर्ग मीटर भूमि पर उत्सव पंचायत घर का कराया जाएगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शादी समारोह के साथ अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को भटकना नहीं पड़ेगा। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक पंचायत उत्सव घर बनाया जाएगा। तीन हजार वर्ग मीटर जमीन पर बनने वाले उत्सव घर के निर्माण पर 1.41 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। इसके आदेश शासन की ओर से पंचायती राज विभाग को दिए हैं। आदेश मिलने के बाद पंचायती राज विभाग ने उत्सव घर के निर्माण के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है।

जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक एक उत्सव घर बनाया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण आंचल में सार्वजनिक भवनों की कमी के चलते लिया है। सार्वजनिक भवन न होने की वजह से ग्रामीणों को विवाह समारोह के साथ अन्य किसी कार्यक्रम के आयोजन के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों को कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए शहरी क्षेत्र की ओर दौड़ लगानी पड़ती है। यह स्थिति जिले में ही नहीं प्रदेश के अन्य जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार सरकार से मांग की थी। जनप्रतिनिधियों की इस मांग पर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उत्सव घर बनाने का निर्णय लेते हुए पंचायती राज विभाग को आदेश जारी किया है। आदेश मिलने के बाद पंचायती राज विभाग ने उत्सव घर निर्माण के लिए भूमि की तलाश शुरू कर दी है। उत्सव घर में तीन कमरों के साथ एक हॉल, स्टेज मंडप के अलावा पुरुष-महिला शौचालय, दिव्यांग शौचालय, रसोईघर आदि का निर्माण किया जाएगा।

- **शासन से आदेश मिलते ही पंचायती राज विभाग ने शुरू की भूमि की खोज**

> सभी विधानसभा क्षेत्रों में पंचायत उत्सव घर बनाया जाना है। जिसका शासनादेश प्राप्त हो गया है। उत्सव घर बनाने के लिए भूमि की तलाश शुरू की दी है। भूमि चिन्हित होने के बाद शासन में प्रस्ताव भेजा जाएगा।
>
> – **यावर अब्बास**, डीपीआरओ

### ग्राम समाज की भूमि पर बनेगा पंचायत घर

पंचायती राज विभाग को जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत घर ग्राम समाज की या दान में मिली जमीन पर बनाया जाए। पंचायत उत्सव घर के लिए भूमि को चिन्हित करने के लिए डीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी। जिस पर कमेटी की सहमति मिलने के बाद उत्सव घर का निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन में भेजा जाएगा। इसके बाद उत्सव निर्माण के लिए शासन की ओर से बजट जारी किया जाएगा। उत्सव घर का निर्माण ग्राम समाज या फिर दान की भूमि पर बनाया जाएगा। जिन पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन संचालित होंगे, वहां प्राथमिकता के आधार पर इनका निर्माण कराया जाएगा। जिले की 75 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन संचालित हैं। शासनादेश के तहत पंचायती राज विभाग उन सभी ग्राम पंचायतों में भूमि की तलाश कर रहा है जिनमें अन्नपूर्णा भवन संचालित हैं।

## नीट पास कर पाई 6200वीं रैंक

**उस्मानपुर, अमृत विचार** : थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कला के सत्यपाल सिंह यादव शिक्षा मित्र के बेटे ज्ञानेंद्र कुमार यादव ने 6200वीं रैंक पाकर नीट परीक्षा पास कर अपने पिता के सपनों को साकार किया है। रसूलपुर कला गांव के डॉ. होरी लाल आर्य के बेटे सत्यपाल सिंह शिक्षा मित्र हैं। समाजवादी सरकार में सत्यपाल सिंह यादव अध्यापक के पद पर समायोजित किए गए थे। उस समय अपने बेटे ज्ञानेंद्र कुमार का अच्छे से स्कूल में एडमिशन कराया था, लेकिन बाद में शिक्षामित्र का समायोजन निरस्त होने के बाद पिता बहुत परेशान हो गए, लेकिन अपनी हिम्मत को कायम रखा। बेटे की तैयारी करने के लिए कोटा राजस्थान भेज दिया। बेटे ने मेहनत की। जिससे नीट की परीक्षा में 6200 वीं रैंक पाई। छात्र ज्ञानेंद्र कुमार ने अपने परिवार वालों का नाम रोशन कर दिया।



ज्ञानेंद्र कुमार।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार** : बिनावर थाना क्षेत्र के गांव भटौली निवासी पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 अप्रैल को वह अपने मकान का लिंटर डलवा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी जाबिर अली, साबिर अली अपने साथियों के साथ उनके मकान पर पहुंच गए। छज्जा निकालने को मना कर दिया। दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई थी। ग्रामीणों ने फैसला करा दिया था जिसके चलते वह लोग पप्पू से रंजिश मानने लगे थे। 9 जून की दोपहर 12 बजे वह लोग आए और पप्पू से मारपीट करने लगे। साबिर, जाबिर अली ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर पप्पू की भतीजी समा, जोया, परवेज को भी पीटकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच की। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# स्टैंड के बाहर खड़ी हो रहीं बसें, लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : बाहरी डिपो से आने वाली बसें न सिर्फ लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं, बल्कि यातायात पुलिस भी पस्त हो चुकी है। बस रोड पर खड़ा कर यात्री बैठने के माना करने पर चालक परिचालक यातायात पुलिस से झगड़ा करने पर उतारू हो जा रहे हैं। इनकी मनमानी के कारण आंबेडकर पार्क से लेकर पुलिस लाइन चौराहे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके कारण लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

आगरा, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, खुर्जा, अलीगढ़, आगरा, मुरादाबाद सहित अन्य डिपो बसों का आगमन जिले में होता है। इन डिपो की बसें बदायूं डिपो पहुंची हैं। लेकिन चालक बसों को रोडवेज बस स्टैंड परिसर में खड़ी नहीं करते बल्कि रोड पर ही खड़ी कर यात्रियों को बैठाते हैं। बाहरी डिपो से आने वाली बसें आंबेडकर पार्क से लेकर पुलिस लाइन चौराहे पर खड़ी होती है। बसों के रोड पर खड़े किए जाने की वजह से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार को पुलिस लाइन चौराहे पर बाहरी डिपो के कई चालक परिचालक बसों को खड़ा कर सवारी भर रहे थे।

जिस पर एक पुलिसकर्मी ने नोएडा डिपो की बस चालक से बस को हटाने के लिए कहा गया, लेकिन उस बस का चालक परिचालक पुलिस कर्मी से उलझ गया।

जिसका साथ अन्य खड़ी बसों के चालक परिचालकों ने भी दिया। इस दौरान चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। जाम में फंसे लोगों ने बस के चालक व परिचालकों से बसों को हटाने के लिए कहा।

तब कहीं जाकर पुलिस लाइन चौराहे पर खड़ी बसों को चालकों ने हटाया। यह स्थिति एक दिन की नहीं, अपितु रोजाना है। दूसरे डिपो से आने वाली बसों के चालकों की मनमानी से लोग परेशान हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से इन बसों का ठहराव शहर के बाहर किए जाने की मांग की है।



पुलिस लाइन चौराहे पर खड़ी रोडवेज बसों की वजह से लगा जाम।

> रोडवेज बस स्टैंड के अंदर इतनी जगह नहीं है कि सभी बसों को रोका जा सके जो भी स्थान है उसकी स्थिति जर्जर है। इस वजह से बाहरी डिपो की बसों को बस स्टैंड के अंदर खड़ा नहीं कराया जाता। अगर बाहरी डिपो के चालक परिचालक यातायात पुलिस ने गलत व्यवहार कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए वहां के डिपो को पत्र लिखा जाएगा।
>
> – **प्रदीप यादव**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज निगम

- **रोड से बसें हटाने के लिए कहने पर पुलिस से उलझ रहे रोडवेज चालक और परिचालक**

### रोडवेजकर्मी चालकों से वसूलते हैं 150 से लेकर 200 रुपये

यातायात पुलिस का कहना है कि बाहरी डिपो के चालक परिचालक बस को स्टैंड परिसर में इसलिए खड़ी नहीं करते क्योंकि उनसे बदायूं रोडवेज डिपो के कर्मचारी 150 से 200 रुपये तक की वसूली करते हैं। इसलिए यह स्थिति बनती है। जिसके कारण जाम लगा रहता है। बाहरी डिपो के चालकों की मनमानी और बदायूं डिपो के कर्मचारियों की अवैध धन उगाही को लेकर यातायात पुलिस ने सिटी मजिस्ट्रेट व एडीएम प्रशासन को पत्र लिखा है। जिसमें यातायात पुलिस ने स्थिति से अवगत कराते हुए बाहरी डिपो से आने वाली बसों का ठहराव शहर से बाहर करने के लिए अनुरोध किया है।


Admission Open | Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Management

UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open | Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Humanities & Journalism

UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## एडीओ पंचायत मुख्यालय से संबद्ध प्रदर्शन स्थगित

**बदायूं, अमृत विचार** : सीडीओ के आदेश पर डीपीआरओ ने दहगवां ब्लॉक के एडीओ पंचायत को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। सफाई कर्मियों ने उनपर मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। 16 जून को विकास भवन में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। एडीओ के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद सफाईकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया है।

दहगवां ब्लॉक में कार्यरत एडीओ पंचायत रामौतार शर्मा पर सफाई कर्मियों ने उत्पीड़न और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। इसका ऑडियो भी वायरल हुआ था। सफाई कर्मियों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। कार्रवाई न होने पर सफाई कर्मचारी संगठन के बैनर तले सफाई कर्मियों ने एडीओ पंचायत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। इसमें 16 जून को विकास भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन प्रस्तावित था। सफाई कर्मियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए सीडीओ ने एडीओ पंचायत को डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध किए जाने के आदेश जारी कर दिए। सीडीओ से मिले आदेश के बाद डीपीआरओ ने एडीओ को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। एडीओ के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद सफाई कर्मचारियों ने प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर ने बताया कि एडीओ पंचायत दहगवां को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। जिसके चलते प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन किया गया है।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## 'केंद्र सरकार की योजनाओं का जनता को मिल रहा लाभ'

**बिल्सी, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल को लेकर शनिवार को नगर पालिका प्रांगण में संकल्प सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे हो गए हैं।

सभी लोगों को भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इससे पहले सभासद अजीत गुर्जर, उमेश बाबू, प्रखर माहेश्वरी आदि ने विधायक का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर और पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, विवेक राठी, आदित्य माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# निवेशकों से धोखाधड़ी करने वाले तीन और एजेंट गिरफ्तार

### करोड़ों रुपये लेकर फरार हुई अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कंपनी के मालिकों और एजेंटों के खिलाफ दर्ज की हैं चार रिपोर्ट

**अमृत विचार :** हजारों लोगों के साथ धोखाधड़ी करके भागने वाली अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के मालिक और एजेंटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कंपनी के मालिका और एजेंटो की तलाश में है। धीरे-धीरे गिरफ्तारी की जा रही है। अब तक पुलिस ने चार एजेंटों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। अब तीन और एजेंट को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

बरेली के कुछ लोगों ने फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी खोली थी। शहर में मीरा सराय मार्ग पर कार्यालय खोला गया है। कई साल से कंपनी लोगों के एफडी और आरडी खाते खोले थे। कुछ महीनों से कंपनी ने मैच्योरिटी के रुपये निवेशकों को नहीं दिए और कार्यालय बंद कर दिया। कंपनी के भागने के बाद निवेशकों ने दो बार हंगामा किया था। वहीं पता चला है कि कुछ एजेंट ने




अमर ज्योति कंपनी का बंद कार्यालय।

भी निवेशकों के साथ जालसाजी की। उन्होंने लोगों के फर्जी खाते खोले और जाली पासबुक तैयार करके लोगों से धोखाधड़ी की थी। कंपनी मालिक और एजेंटों के खिलाफ चार रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। पुलिस लगातार इन एजेंटों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस ने शनिवार को तीन एजेंट शहर के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी शोभित कुमार वर्मा, उझानी के मोहल्ला नझियाई निवासी नवीन शर्मा और आवास विकास कॉलोनी निवासी अमित साहू को सुंदरनगर मार्ग से गिरफ्तार किया। वहीं कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य और उनके भाई सूर्यकांत मौर्य अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

#### आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देने का आह्वान

कंपनी के शिकार मजदूर वर्ग के अलावा व्यापारी, सरकारी कर्मचारियों से लेकर अधिवक्ता भी हुए हैं। जिसके चलते कोई भी अधिवक्ता आरोपियों का केस लेने को तैयार नहीं है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोगों से आह्वान किया है कि जिसने भी कंपनी में रुपये जमा कराए हैं वह लोग तुरंत कंपनी और एजेंटों के खिलाफ सदर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दें। जिससे लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

## जिला महिला अस्पताल प्रशासन खरीदेगा सीमैप मशीनें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएनसीयू वार्ड में भर्ती पांच नवजात शिशुओं की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** नवजात शिशुओं की जिंदगी बचाने के लिए अब स्थानीय स्तर पर सीमैप खरीदने के निर्देश दिए हैं। एडी हेल्थ ने जिला महिला अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया है कि सीमैप मशीन के अभाव में किसी भी नवजात की मौत नहीं होनी चाहिए।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती पांच नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। इस पर जिला प्रशासन और शासन स्तर से जवाब मांगा गया था। जिला महिला अस्पताल प्रशासन की ओर से जवाब दे दिया गया। एडी हेल्थ साधना अग्रवाल ने भी शासन को अपने स्तर से जवाब भेजा। इसमें बताया गया कि एसएनसीयू वार्ड में सीमैप मशीन और वेंटीलेटर की कमी है। ऐसी स्थिति में कम समय के शिशुओं को बचाना मुश्किल हो रहा है। एसएनसीयू वार्ड में मरे सभी शिशु कम समय के थे। एडी हेल्थ के जवाब के बाद स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से कहा गया कि जिला महिला अस्पताल को स्थानीय स्तर से सीमैप मशीन खरीदनी चाहिए। निर्देशों के बाद एडी हेल्थ साधना अग्रवाल ने जिला महिला अस्पताल को निर्देशित किया है कि अब स्थानीय स्तर से सीमैप मशीन खरीदी जाएं। सीमैप के अभाव में किसी नवजात की मौत नहीं होनी चाहिए। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि तीन साल पूर्व चार सीमैप मशीनें खरीदी गई थीं वह अब काम नहीं कर रही हैं। बताया कि उन मशीनों में सॉफ्टवेयर लोड किया गया जो अब कामयाब नहीं है। उन मशीनों से नवजात की जान नहीं बचाई जा सकती।

राजकीय मेडिकल कालेज में मात्र एक वेंटीलेटर है, जबकि हजारों मरीज यहां प्रतिदिन आते हैं। राजकीय मेडिकल कालेज के एसएनसीयू वार्ड में जिला महिला अस्पताल से रेफर किए जाने वाले शिशुओं को भर्ती नहीं किया जाता है। वहां से लौटा दिया जाता है।

## सार-संक्षेप

### अनुज कुमार बने हिंदू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष



**उसहैत, अमृत विचार :** अनुज कुमार गुप्ता को हिन्दू समाज पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर समर्थकों ने मिष्ठान बांटकर खुशी का इजहार किया है। हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने शनिवार को अनुज कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अनुज कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उनको फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### नियुक्ति पत्र दिलाने लखनऊ रवाना हुईं रोडवेज बसें

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस महकमे में आरक्षी बने 436 युवाओं को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। बदायूं डिपो की 12 बसें आरक्षी भर्ती में चयनित युवाओं को लेकर लखनऊ रवाना हुई हैं। रवानगी से पूर्व एसएसपी ने युवाओं को ब्रीफ किया। इसके बाद बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके चलते दो दिन मार्गों पर रोडवेज बसों की किल्लत रहेगी। 436 युवाओं में 366 पुरुष व 70 युवतियां शामिल हैं। आरक्षी भर्ती में नियुक्त हुए सभी युवाओं को रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप यादव ने बताया कि यात्रियों को बसों की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। कई बसों के अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे। यात्रियों की मांग पर यथा संभव बसों का संचालन कराया जाएगा।

### सहसवान में सेमिनार का किया आयोजन




**सहसवान, अमृत विचार :** अल हफीज एजुकेशनल अकैडमी ने सहसवान में एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का विषय था स्कूल शिक्षा को नीट की तैयारी से जोड़ना। कार्यक्रम में अकैडमी की प्रबंधन टीम ने छात्रों एवं अभिभावकों को बताया कि नियमित स्कूल शिक्षा के साथ-साथ नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को एक साथ संचालित किया जाता है। टीम ने बताया कि अकादमी का उद्देश्य है कि छात्र बिना किसी अतिरिक्त ट्यूशन या कोचिंग के अपने ही स्कूल से नीट की तैयारी पूरी कर सकें। इस इंटीग्रेटेड मॉडल में विषयों की गहराई से पढ़ाई, टेस्ट सीरीज, डाउट क्लासेस और मोटिवेशनल सेशन का समावेश किया जाता है।

### गन्ना की फसल काट कर डाली पाइप लाइन, दी तहरीर



**करियामई, अमृत विचार :** दबंगों ने खेत में गन्ना की खड़ी फसल काट कर उसमें पाइप लाइन डालकर हजारों का नुकसान कर दिया। खेत स्वामिनी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पाइपलाइन हटवाने की मांग की है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सुराही निवासी सुमन पत्नी बीरेन्द्र शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सुराही में उनकी 22 बीघा जमीन है। जिसमें गन्ना की फसल खड़ी है। गांव के रामनरेश का पास में निजी नलकूप है। रामनरेश ने खेत स्वामिनी को बिना सूचना दिए दबंगई के चलते गन्ना काटकर उसमें पाइप लाइन डाल ली। रामनरेश पहले भी सुमन के खेत में खड़े पेड़ काट चुका है। सुमन ने पुलिस से पाइपलाइन हटवाने की मांग की है।

### मानक पुर रोड पर राहगीरों को शरबत वितरण किया



**उझानी, अमृत विचार :** गर्मी और तपिश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री ब्रज क्षेत्र अमन अब्बास नकवी ने सबील लगाकर मानक पुर रोड पर राहगीरों को शरबत वितरण किया। अमन अब्बास नकवी ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी है लोगों को पानी भी नहीं मिल रहा है। गर्मी में पानी शरबत दान करने से शबाब मिलता है। इसलिए उन्होंने आज शरबत वितरण किया। शरबत वितरण में शमशुल खा, सुहैल खां, मेहरबान खां, सौरव, चमन खां आदि लोग मौजूद रहे।

### महिला की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव जगत पीपरी निवासी ओमपाल की बेटी वंशिका की शादी थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव भुसाया निवासी अनुराग के साथ हुई थी। शनिवार शाम महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा। ससुरालीजनों पर गला दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मायका पक्ष के पहुंचने पर महिला का पति शराब के नशे में धुत बताया जा रहा है।

### परिजनों से परेशान महिला ने किया जान देने का प्रयास

**बदायूं, अमृत विचार :** कासगंज की महिला ने कछला स्थित भागीरथी घाट पर गंगा में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। गोताखोरों ने भी गंगा में छलांग लगा दी और महिला को बचा लिया। महिला ने परिजनों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया। महिला कासगंज की एक कॉलोनी निवासी है। परिवार में उनके दो बेटे और उनकी पत्नियां हैं। शनिवार को महिला कछला गंगा घाट पर पहुंची। कुछ देर ठहरने के बाद गंगा में छलांग लगा दी। वह गंगा में डूबने लगी। जिसे देखकर घाट पर मौजूद गोताखोरों ने छलांग लगाई और महिला को बचा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला ने बताया कि उसका पति बात-बात पर उसके साथ मारपीट करता है। बेटों की पत्नियां भी उसके साथ गाली-गलौज करती हैं। बेटे भी अपनी पत्नियों की हां में हां मिलाते हैं। जिसकी वजह से वह जान देना चाहती थी।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला, दी तहरीर

**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी कीर्ति पुत्री तोताराम ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि उनकी शादी गांव गढ़ी मनिवासी युवक से तकरीबन डेढ़ वर्ष पहले हुआ था। पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया। लेकिन ससुरालीजन इससे संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज मांगते हुए बार-बार प्रताड़ित कर रहे है। शुक्रवार को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। सूचना पर मायके के लोग गांव पहुंच गए। इसके बाद उन लोगों ने उनके पिता के साथ भी अभद्रता की। जिसके बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब मायके वाले कीर्ति के साथ थाने पहुंचे और उन्होंने मामले की शिकायत की। शनिवार को कीर्ति की अचानक से तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद परिवार के लोगों ने सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां कीर्ति का उपचार किया जा रहा है।

### स्टार 11 ने 34 रनों से हासिल की जीत



**बिसौली, अमृत विचार :** मदनलाल इंटर कॉलेज में चल रही बिसौली प्रीमियर लीग बिसौली स्टार 11 ने बिसौली राइजिंग को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हिमांशु उपाध्याय ने बेहतरीन तीन ओवर किए, जिसमें मात्र 11 रन खर्च किए। अमन सक्सेना ने तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट लिए। दीपू शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। कॉमेंटेटर का भार पीके ठाकुर ने संभाला, और निर्णायक विशाल शर्मा व श्याम यादव रहे।

# छापा : सवा क्विंटल नकली बीज पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- कृषि विभाग ने लाइसेंस किया निलंबित

**अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र में निजी दुकानदार नकली धान बीज बिक्री कर किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं। जानकारी होने पर फर्म मैनेजर ने दुकान पर छापा मारा। दुकान से सवा क्विंटल नकली बीज पकड़ा गया। दुकानदार के खिलाफ फर्म की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं जानकारी होने पर कृषि विभाग ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। साथ ही जांच बैठा दी है।

इस समय किसान नर्सरी डालने के लिए बाजार से धान की बीज खरीद रहे हैं। निजी दुकानदार इसका लाभ उठाते हुए नकली धान का बीज बिक्री करने में लगे हैं। 20 रुपये का नकली बीच पैकेट में भरकर 500 रुपये किलो के हिसाब से बिक्री कर रहे हैं। कस्बा बिसौली स्थित सुपर किसान भंडार पर शक्ति सीड्स फर्म के पैकेट में नकली धान बीज बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर फर्म के मैनेजर ने दुकान पर छापा मारा। दुकानदार शक्ति सीडस के पैकेट में 20 रुपये किलो के हिसाब बाजार में बिकने वाले धान को भरकर बेच रहा था। जिसके बारे में फर्म मैनेजर ने दुकानदार से पूछताछ शुरू की वैसे ही दुकानदार दुकान छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

> बिसौली स्थित सुपर किसान बीज भंडार पर नकली बीज बेचा जा रहा था। फर्म मैनेजर की ओर से दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। जांच के ओदश दे दिए गए हैं।
>
> **- डीके सिंह,** जिला कृषि अधिकारी

मैनेजर ने थाना पुलिस को फोन कर दुकान पर बुला लिया। दुकान की तलाशी लेने पर सवा क्विंटल नकली बीज बरामद हुआ।

इसे जब्त कर लिया गया। फर्म मैनेजर ने दुकानदार के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं नकली बीज बेचने की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। साथ ही जांच के आदेश दिए हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## रंजिशन किसान पर किया हमला

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव परौली में शुक्रवार की रात खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर कुछ लोगों ने रंजिशन हमला करके घायल कर दिया।

क्षेत्र के गांव परौली निवासी नन्हे पुत्र सोहनलाल ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर पालेज की रखवाली कर रहे थे। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ दबंग लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसके बाद घायल नन्हे शनिवार की सुबह कोतवाली पहुंचे। साथ ही घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने घायल किसान को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# थाना दिवस पर पांच शिकायतों का निस्तारण



थाना दिवस में शिकायतें सुनते डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित थाना दिवस पर सिविल लाइन थाने में जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी डॉ बृजेश कुमार ने जन शिकायत सुनी। पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार किए जाने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक लें। राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर करें।

# सड़क हादसों में होमगार्ड समेत तीन लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बरेली-मथुरा राजमार्ग और मुड़िया सतासी में हुए हादसे

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी धनपाल मौर्य पुत्र मूलचंद्र शुक्रवार शाम लगभग सात बजे पास के गांव घटपुरी में लगने वाली बाजार से सब्जी खरीदकर साइकिल से अपने गांव जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पार करते समय नरखेड़ा मोड़ पर बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आई प्राइवेट एंबुलेंस ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में उनकी मौत हो गई।

दूसरे हादसे में वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी संदीप (25) पुत्र बच्चू सिंह शुक्रवार रात अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचने पर सामने से आए ई-रिक्शा से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में संदीप की मौत हो गई।

#### साइकिल सवार होमगार्ड को कार ने मारी टक्कर

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव मुगरिया नगला निवासी नेत्रपाल होमगार्ड थे। उसहैत थाने में उनकी तैनाती थी। शनिवार को वह ड्यूटी करने के लिए साइकिल से जा रहे थे। गांव त्रिलोकपुर के पास भुंडी तिराहे पर सामने से तेज रफ्तार से आई कार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। नेत्रपाल सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। होमगार्ड की जिला अस्पताल में मौत हो गई।

## मौसी को देखने जा रहे युवक की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव परसौनी निवासी संजीव मौर्य की मौसी कैंसर पीड़ित हैं। वह दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं।

संजीव मौर्य शनिवार सुबह मौसी को देखने जाने के लिए अपने भाई सोनू मौर्य और पड़ोस में रहने वाले चाचा के साथ बाइक से चंदौसी जा रहे थे। यहां बस में बैठकर दिल्ली जाना था। रास्ते में गांव भूड़ बिसौली चौराहे के पास अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। चालक ट्रक लेकर भाग गया। हादसे में संजीव मौर्य की मौके पर मौत हो गई जबकि उनका भाई सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जबकि घायल का चंदौसी के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# सभा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में सहसवान विधानसभा के इस्लामनगर मंडल की विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन हुआ। इसमें 11 साल के विकसित भारत की उपलब्धियां गिनाई गई और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

शनिवार को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने इस्लामनगर ब्लॉक में आयोजित संकल्प सभा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सुशासन में देश ने गरीब कल्याण, किसान सम्मान, डिजिटल सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। जिसमें गरीब-मजदूर तबके के लोगों का विशेष ध्यान रखा गया है। पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने पर भव्य संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया



संकल्प सभा को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता।

है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांवों से लेकर शहरों तक सड़कों का निर्माण हुआ है। जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व विधायक दयासिंधु शंखधार, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र यादव, कुलदीप कुमार गुप्ता, संजीव पहलवान, ग्राम प्रधान रमेश धनकर, मोहित शर्मा, सुरजीत चौधरी, केपी मौर्या, कालीचरण, विपिन कुमार, प्रेमवीर यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रोजगार सेवक समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

#### विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन

**बदायूं, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 11 साल पूर्ण होने पर मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मंडल करनपुर, आसफपुर, बिसौली नगर में प्रदेश मंत्री डीपी भारती और जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत ने संबोधित किया। मंडल सहसवान ग्रामीण, इस्लामनगर, उघैती में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और जिला प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा ने संबोधित किया। मंडल बिल्सी नगर, मुजरिया में विधायक हरीश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने संबोधित किया। मंडल वजीरगंज, बिनावर, सालारपुर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल ने संबोधित किया। मंडल गढ़िया हरदोईपट्टी, कादरचौक में पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव ने संबोधित किया।

# शासन तक पहुंचा घोटाले का मामला तो बैठाई टीएसी की जांच

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ओरछी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा में कराए गए विकास कार्यों में लाखों रुपये का घपला किया गया है। इसकी शिकायत सभासदों ने स्थानीय उच्चाधिकारियों के साथ शासन में की थी। नगर पंचायत में हो रहे लाखों रुपये के घोटाले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेते हुए नगर निकाय आयुक्त ने टीएसी की जांच के आदेश कर दिए। एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में एक अलग से टीम गठित कर जांच करने को कहा गया। शनिवार को एडीएम प्रशासन ने गठित टीम के साथ नगर पंचायत पहुंचकर शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। साथ ही विकास की गुणवत्ता को परखा। जिसमें तमाम कमियां मिली हैं। जांच रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाएगी।


विकास कार्यों में घोटाले के आरोपों की जांच नहीं हुई शुरू

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- फैजगंज बेहटा नगर पंचायत का मामला, दर्ज किए शिकायतकर्ताओं के बयान
- निर्माण कार्य की खुदाई कराकर परखी गुणवत्ता, जांच के बाद जाएगी रिपोर्ट

शनिवार को एडीएम प्रशासन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम सदर, एसडीएम बिसौली और बरेली से आए टीएसी टीम के सदस्यों के साथ नगर पंचायत फैजगंज बेहटा पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। साथ ही अब तक कराए गए विकास कार्य संबंधी अभिलेख देखे। वहीं बरेली से आए टीएसी टीम के सदस्यों ने वार्डों में बनाए गए सीसी रोड की



शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करते एडीएम प्रशासन और एसडीएम सदर।

#### सभासदों ने की थी शासन में शिकायत

नगर पंचायत फैजगंज बेहटा के वार्ड नंबर एक की सभासद पुष्पा देवी, वार्ड दो की कविता देवी, तीन की शारदा, पांच के अखिलेश पाराशरी, 11 के भगवान दास और हरपाल दिवाकर ने शासन स्तर पर नगर पंचायत में हो रहे घोटाले की शिकायत की थी।

जांच की। उसकी गुणवत्ता परखने के लिए सीसी रोड की खुद कर देखा गया। साथ ही टीम द्वारा गलियों में डाले गए इंटरलॉकिंग और नाला निर्माण की गुणवत्ता को परखा। टीम के द्वारा की गई जांच में अनियमितताएं मिली हैं। इंटरलॉकिंग में डालने से पूर्व डाला गया वेस ठीक नहीं मिला। नाला निर्माण में पीली ईट का उपयोग मिला। सीसी रोड की गुणवत्ता भी ठीक नहीं मिली। सीसी रोड की मोटाई मानक के अनुरुप नहीं थी। इनके अलावा नगर पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की भी जांच अधिकारियों के द्वारा की



सीसीरोड की खुदाई कर गुणवत्ता परखती टीएसी की टीम।

> सभासदों ने शासन स्तर पर शिकायत की थी। नगर निकाय आयुक्त के आदेश पर टीम का गठन किया गया था। सभी सदस्य जांच के लिए नगर पंचायत पहुंचे थे। जांच के बाद रिपोर्ट शासन में भेजी जाएगी। शासन से जो आदेश मिलेंगे उनका पालन कराया जाएगा।
>
> **- अरुण कुमार,** एडीएम प्रशासन

गई। जांच रिपोर्ट शासन स्तर पर सौंपी जाएगी। उसके बाद कार्रवाई होगी। जितनी देर अधिकारी नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहे, उतनी देर कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

## बच्चों ने पेश किए जागरुकता कार्यक्रम

**बदायूं,अमृत विचार :** विकास खंड समरेर के ग्राम नेता झुकसा में 11 दिवसीय मेले में अधिकारी पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत ने मेले में स्कूली बच्चों के लिए कैंप लगाए हैं। मेला में जन जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने मेले का शुभारंभ करने के बाद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में आने वाले लोगों की सुविधा को पेयजल मुहैया कराने के लिए हैंडपंप लगाए गए हैं। मेले में दुकानदारों की सुरक्षा को कोतवाली बनाई गई है। इसमें 50 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद हैं। शनिवार को जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह व ब्लॉक के विकास खंड अधिकारी मेले में मौजूद रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों से समस्याओं के बारे में बात की। एएमए ने कहा कि नेता झुकसा का मेला 11 दिन तक चलता है। चार दिन तक अधिकारी मेले में कैंप करते हैं जबकि उसके बाद सात दिन मेला और चलता है।

